पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

———————

राजभवन में समारोहपूर्वक मनाया जायेगा तेलंगाना का स्थापना दिवस

———————

लखनऊः 01 जून, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से यहाँ राजभवन में अन्य राज्यों के स्थापना दिवसों को समारोह पूर्वक मनाया जा रहा है। इसी क्रम में कल दिनांक 2 जून, 2023 को तेलंगाना राज्य का स्थापना दिवस मनाया जायेगा। भारत का सबसे युवा राज्य तेलंगाना 02 जून, 2014 को आंध्र प्रदेश से अलग होकर 28वां राज्य बना, जो कि वर्तमान में भारत का 29वां राज्य है।

समारोह आयोजन की जानकारी देते हुए अपर मुख्य सचिव राज्यपाल श्री सुधीर महादेव बोबडे ने बताया कि प्राकृतिक सौन्दर्य के धनी तेलंगाना का स्थापना दिवस मनाने के लिए कल यहाँ राजभवन के गाँधी सभागार में आमंत्रितजनों में तेलुगु समाज के लोग और कलाकार भी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर तेलंगाना संस्कृति को दर्शाने वाली कई गतिविधियाँ, संगीत और नृत्य के कार्यक्रम, तेलंगाना पर डाक्यूमेण्ट्री फिल्म का प्रदर्शन, छात्रों द्वारा विचार–विनिमय जैसे कई आकर्षक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की जायेगी।

———————

डॉ0 सीमा गुप्ता,
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र 8318116361